कोविड-19 हेतु संसाधन

भारतीय वैज्ञानिक समुदाय ने कुछ ऐसे संसाधन विकसित किए हैं जो इस महामारी की हमारी वर्तमान वैज्ञानिक समझ पर आधारित हैं। यह संसाधन महामारी को लेकर जन जागरूकता बढ़ाने और दुष्प्रचार रोकने के लिए बनाए और संकलित किए गए हैं। यह संसाधन विभिन्न भारतीय भाषाओं में निशुल्क उपलब्ध हैं। इनके कुछ उदाहरण यहाँ दिए गए हैं।

इंडियाबायोसाइंस (www.indiabioscience.org)

इंडियाबायोसाइंस एक अनूठा कार्यक्रम है जो भारत भर के शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों, विद्यार्थियों और नीति-निर्माताओं समेत तमाम जीवनविज्ञान पेशेवरों को एक साझा मंच उपलब्ध कराता है। यह भारतीय जीवविज्ञान अनुसन्धान औरअवसरों को प्रदर्शित करता है, तमाम कौशल-निर्माण कार्यक्रम संचालित करता है, विभिन्न प्रकार के संसाधन बनाता और उन्हें संग्रहित करता है और देश में नीति-सम्बन्धी विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श कराता है। मूलत: यह भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग (DBT) द्वारा वित्त-पोषित है। विशिष्ट परियोजनाओं के लिए इसे शिक्षा मंत्रालय और डीबीटी/'वेलकम ट्रस्ट इंडिया अलाइंस' का वित्त-पोषण भी मिला है।

कोविड-*19* पर कवरेज : इंडियाबायोसाइंस *कोविड-19* से जुड़े लेख, पॉडकॉस्ट, वीडियो और इंफोग्राफिक्स आदि बनाता है तथा उनका संकलन करता है। इसमें बार-बार पूछे जाने वाले सवाल, आम मिथकों, वर्तमान शोध और महामारी के दौरान सेहत को दुरुस्त बनाए रखने जैसे विषय शामिल होते हैं। ज़्यादातर सामग्री अँग्रेज़ी में है, लेकिन कुछ सामग्री हिन्दी और कन्नड़ में भी उपलब्ध है।

कोविड-ज्ञान(www.covid-gyan.in)

यह वेबसाइट *कोविड-19* महामारी की श्रेष्ठ वैज्ञानिक समझ पर आधारित संसाधनों का एक केन्द्र है। इसे भारत के कुछ शीर्ष जनसमर्थित शोध संस्थानों और सम्बद्ध कार्यक्रमों द्वारा बनाया गया है। भागीदार संस्थानों में टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ़ फंडामेंटल रिसर्च (TIFR) और उसके केन्द्र, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस (IISc), टाटा मेमोरियल सेंटर (TMC), विज्ञान प्रसार, इंडियाबायोसाइंस और इनस्टेम (InStem) शामिल हैं।

कोविड-ज्ञान 12 भारतीय भाषाओं में लेख, वीडियो, पॉडकॉस्ट, इंफोग्राफिक्स और स्वयं किए जाने वाले / ट्युटोरियल प्रकाशित करता है। इनमें शामिल विषय हैं—वर्तमान अनुसन्धान, बार-बार पूछे जाने वाले प्रश्न और *कोविड-19* व सेहत को लेकर आम मिथकों पर बातचीत।

इंडियन साइंटिस्ट्स रिस्पॉन्स टू कोविड-19 (ISRC) (www.indscicov.in)

महामारी को देखते हुए भारतीय वैज्ञानिकों के एक समूह के स्वैच्छिक प्रयास के रूप में आईएसआरसी की शुरुआत हुई। अब इस समूह में500 से भी ज़्यादा वैज्ञानिक, डॉक्टर, जनस्वास्थ्य शोधकर्ता, इंजीनियर, टेक्नोलॉजिस्ट, विज्ञान सम्प्रेषक, पत्रकार और कई सारे विद्यार्थी शामिल हैं।

आइएसआरसी *कोविड-19* व सेहत से जुड़े आम मिथकों और सवालों पर पॉडकॉस्ट, इंफोग्राफिक्स, विविध जानकारियाँ और वीडियो उपलब्ध कराता है। यह सामग्री 19 भारतीय भाषाओं में उपलब्ध है।

डीबीटी/वेलकम ट्रस्ट इंडिया अलाइंस (IndiaAlliance) (www.indiaalliance.org)

डीबीटी/वेलकम ट्रस्ट इंडिया अलाइंस (इंडिया अलाइंस) एक स्वतंत्र सार्वजनिक चैरिटी संस्था है जो भारत में मूलभूत बायोमेडिकल, क्लिनिकल और जन स्वास्थ्यशोध को वित्तीय सहायता देती है। यह भारत सरकार के बायोटेक्नोलॉजी विभाग (DBT) और युनाइटेड किंग्डम के वेलकम ट्रस्ट द्वारा वित्त-पोषित है।

कोविड-*19* पर कवरेज: यह वेबसाइट 'इंडिया अलाइंस' और उसके अनुदेइयों द्वारा इस महामारी पर बनाए गए विभिन्न इंफोग्राफिक्स, लेख, विशेषज्ञ-वेबिनार और अन्य संसाधन उपलब्ध कराती है। इनमें *कोविड-19* की उत्पत्ति, उसके प्रसार और रोकथाम के उपाय, अनुदेइयों द्वारा किए गए शोध और ख़ुद की देखभाल के लिए सलाह जैसे विषय शामिल हैं। इनमें से कुछ संसाधन कई भारतीय भाषाओं में उपलब्ध हैं।

विजेता राघवन 'इंडियाबायोसाइंस' में विज्ञान-शिक्षा की प्रोग्राम मैनेजर हैं। उन्होंने हैदराबाद स्थित सेंटर फॉर सेल्युलर एण्ड मॉलेक्युलर बायोलॉजी में पीएचडी की है। उनसे vijeta@indiabioscience.org पर सम्पर्क किया जा सकता है। **अनुवाद :** मनोहर नोतानी